**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**25.10.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देहरादून में देश के पहले हिमालयी ''लेखक–गाँव'' का लोकार्पण किया।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने रुद्रपुर स्टेडियम में वेलोड्रोम ट्रैक और बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– सरकार का प्रयास प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को उच्चीकृत कर आम लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है।
- बागेश्वर जिले के दूरस्थ गांवों को जल्द मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।

**समाचार विस्तार से–**

**स्पर्श हिमालय महोत्सव**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के थानो में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य, संस्कृति एवं कला समारोह– ''स्पर्श हिमालय महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देश के पहले हिमालयी ''लेखक–गाँव'' का लोकार्पण किया गया। थानो स्थित इस लेखक गांव में लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय, कला दीर्घा, योग–ध्यान केंद्र, परिचर्चा केंद्र, गंगा और हिमालय का मनमोहक संग्रहालय बनाया गया है। लेखक गाँव में आकर लेखक एक ही स्थान पर प्रकृति, संस्कृति, ज्ञान–विज्ञान से साक्षात्कार कर विविध विषयों पर चिंतन के लिए नए दृष्टिकोण प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश के साहित्यकारों और कलाकारों को अद्वितीय मंच प्रदान करेगा।

तीन दिवसीय इस महोत्सव में विभिन्न राज्य और देशों के साहित्यकार और लेखक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

**रेखा आर्य**

खेल मंत्री रेखा आर्या ने ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर स्टेडियम में आज साढ़े 22 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे वेलोड्रोम ट्रैक और 40 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में निर्माण कार्यों को पूरा करने की हिदायत दी। खेल मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता प्रस्तावित है। यह खेल प्रतियोगिताएं राज्य के अलग–अलग शहरों के खेल स्टेडियम में आयोजित की जांएगी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर के खेल मैदान में वॉलीबाल, फेंसिंग, वैलोड्रम और हैंडबॉल की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इसे देखते हुए स्टेडियम में वेलोड्रम ट्रैक और बहुद्देशीय क्रीड़ हॉल का निरीक्षण किया गया। श्रीमती आर्य ने कहा कि उत्तराखंड संभवतः देश का पहला राज्य होगा, जो राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के अनिवार्य 34 खेलों का आयोजन अपने ही राज्य में कराए जाने के संसाधनों को विकसित कर रहा है।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना में भारतीय मानकों के उपयोग को लेकर आज देहरादून में मानक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम्य विकास विभाग, शहरी विकास विभाग, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ ही स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थी और आम लोगों ने भागीदारी की। इस अवसर पर प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बीआईएस के मानक सुरक्षा और टिकाऊपन को सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने सभी से बीआईएस द्वारा सत्यापित उत्पाद ही खरीदने का आह्वान किया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि सरकार का प्रयास प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अपग्रेड कर आम लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। साथ ही प्रदेश के चारों धामों और यात्रा मार्गों पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करना है, ताकि देशभर से चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत न हो। डा. रावत ने आज यमुनोत्री धाम में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेते हुए ये जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने जानकीचट्टी में चिकित्सकों के लिए नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का भी लोकार्पण किया।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि विभागों की प्रस्तावित और गतिमान योजनाओं का जमीनी स्तर पर भली–भांति परीक्षण करने के बाद ही इन्हें मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाये। इस संबंध में मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी किया है। मुख्य सचिव ने नई योजना बनाते समय दूसरे विभागों की एक समान योजनाओं का भी परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि दो विभागों के वित्तीय प्रस्तावों के बीच कोई विसंगति न हो। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रस्तावित योजनाओं में वित्तीय अनुशासन और मितव्ययिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा हैं। उन्होंने सभी विभागों को अपनी वर्तमान योजनाओं का आकलन कर एक समान योजनाओं को समायोजित करने के प्रस्ताव प्रस्तुत करने को भी कहा है। श्रीमती रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग की ओर से रोड कटिंग के स्पष्ट मानक बनाने की बात भी कही है। साथ ही जिलाधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी विभाग की ओर से सड़क को बार–बार क्षति न पहुंचाने के भी निर्देश दिए हैं।

## मोबाइल टावर

बागेश्वर जिले के दूरस्थ संचार विहीन गांवों में अब जल्द ही मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दूरस्थ गांवों में 48 स्थानों पर लगाए जाने वाले वाले मोबाइल टावरों को दिसंबर माह तक सुचारू करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के साथ ही शिक्षा व अन्य जरूरी कामों के लिए संचार सुविधाओं को होना बेहद जरूरी है। इसलिए इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में संचार सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में हर हाल में संचार सुविधा उपलब्धा कराई जाएगी। बैठक में बीएसएनएल के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 48 टॉवर स्थापित किए जाने है। इसमें बागेश्वर व कांडा में नौ–नौ, गरुड़ में छह और कपकोट में 24 टॉवर लगाए जांएगे।

## मुक़दमा दर्ज

उत्तरकाशी में कल जनाक्रोश रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस कर्मियों के बीच हुई झड़प के बाद आठ नामजद और 200 अज्ञात के ख़िलाफ़ पुलिस ने मुक़दमा दर्ज़ किया है। क्षेत्र में धारा 163 लागू है। इस बीच, उत्तरकाशी में अब स्थिति सामान्य है। पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने लोगों से कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

## केदारनाथ उपचुनाव

प्रदेश की उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्रा ने आज रुद्रप्रयाग में केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम, मोटर मार्गों की स्थिति, पोलिंग बूथों पर नेटवर्क कनैक्टिविटी और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कंट्रोल रूम और 1950 पर अब तक दर्ज शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। साथ ही होम वोटिंग की तैयारियों पर संबंधित नोडल अधिकारी से जानकारी मांगी। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कंट्रोल रूम में शिकायत पंजिका का अवलोकन किया। साथ ही मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए दैनिक प्रेषित सूचनाओं और कार्मिकों की उपस्थिति का भी फीडबैक लिया।

## सतपाल महाराज

प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरिद्वार जिले में स्थित इकबालपुर नहर को 665 क्यूसेक पानी दिए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने उत्तराखण्ड स्थित उत्तर प्रदेश की सिंचाई नहरों की शीघ्र साफ–सफाई किए जाने का भी अनुरोध किया है। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट के दौरान श्री महाराज ने दोनों प्रदेशों की कुछ बंद पड़ी सिंचाई नहरों को खोले जाने की भी चर्चा की, ताकि दोनों राज्यों के किसानों की सिंचाई समस्याओं का समाधान हो सके।

## दीप महोत्सव

चम्पावत जिले के खेतीखान में पांच दिवसीय दीप महोत्सव का आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। दीपावली पर्व पर स्थानीय युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव समाज से कुप्रथाओं को समाप्त करने में सहायक होते हैं। दीप महोत्सव के संयोजक डॉ. दिवाकर भट्ट ने बताया कि इस महोत्सव में स्कूली बच्चों की निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, भाषण और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।